# Applications for free coaching of UPSC and HCS started at CUH

## Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 22-10-2024**

# यूपीएससी व एचसीएस की निशुल्क कोचिंग के लिए आवेदन शुरू

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में अनुसूचित जाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) तथा एचसीएस की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने हेतु स्थापित डॉ. अंबेडकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (डेस) के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरु हो गई है।

इच्छुक विद्यार्थी 10 नवंबर तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने नए सत्र के लिए शुरु हुई पंजीकरण की प्रक्रिया के अंतर्गत आवेदन के इच्छुक विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

डेस के कोर्डिनेटर प्रो. अंतरेश कुमार ने बताया कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा प्रद्धत यह केंद्र पिछले दो वर्षों में आईएएस, आईपीएस, एचसीएस सहित अन्य सरकारी नौकरियों के लिए लगभग 50 अभ्यर्थियों को कोचिंग के माध्यम से सफलता प्रदान करा चुका है। उन्होंने बताया कि इस कोचिंग के लिए केवल एससी ओबीसी वर्ग के विद्यार्थी ही आवेदन कर सकते हैं, जिनकी पारिवारिक आय 8 लाख रुपये वार्षिक से कम है। साथ ही किसी भी वर्ग से संबंधित 25 अभ्यर्थियों को सशुल्क दाखिले का अवसर उपलब्ध हैं।

ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 नवंबर है। भारत सरकार इस योजना में अभ्यर्थियों का चयन प्रवेश परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। चयनित सभी अभ्यर्थियों को डॉ. आंबेडकर फाउंडेशन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चार हजार रुपये प्रति माह की दर से वजीफा भी दिया जाएगा।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 22-10-2024**

## हकेवि: यूपीएससी व एचसीएस की मुफ्त कोचिंग के लिए आवेदन शुरू

महेंद्रगढ़ | हकेवि, महेंद्रगढ़ में अनुसूचित जाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और एचसीएस की तैयारी कराने के लिए स्थापित डॉ. आम्बेडकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (डेस) ऑनलाइन आवेदन 10 नवंबर तक कर सकते हैं। डेस के को-आर्डिनेटर प्रो. अन्तरेश कुमार ने बताया कि यहां से लगभग 50 अभ्यर्थियों को सफलता मिल चुकी है । केवल एससी-ओबीसी वर्ग के विद्यार्थी ही आवेदन कर सकते हैं, जिनकी पारिवारिक आय 8 लाख रुपए वार्षिक से कम है। साथ ही किसी भी वर्ग से संबंधित 25 अभ्यर्थियों को सशुल्क दाखिले का अवसर उपलब्ध है। ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 नवंबर है। अभ्यर्थियों का चयन प्रवेश परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। चयनित हुए सभी अभ्यर्थियों को डॉ. आम्बेडकर फाउंडेशन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चार हजार रुपए प्रतिमाह की दर से वजीफा भी दिया जाएगा।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 22-10-2024**

# हकेंवि में यूपीएससी की निशुल्क कोचिंग के लिए आवेदन शुरू

संवाद सहयोगी, जागरण • महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में अनुसूचित जाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) तथा एचसीएस की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए स्थापित डा. आंबेडकर सेंटर आफ एक्सीलेंस (डेस) के अंतर्गत आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरु हो गई है। इच्छुक विद्यार्थी आगामी 10 नवंबर तक आनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने नए सत्र के लिए शुरु हुई पंजीकरण की प्रक्रिया के अंतर्गत आवेदन के इच्छुक विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। डेस के कोआर्डिनेटर प्रो. अन्तरेश कुमार ने बताया कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा प्रद्धत यह केंद्र पिछले दो वर्षों में आइएएस, आइपीएस, एचसीएस सहित अन्य सरकारी नौकरियों के लिए लगभग 50 अभ्यर्थियों को कोचिंग के माध्यम से सफलता प्रदान करा चुका है। उन्होंने बताया कि इस कोचिंग के लिए केवल एससी ओबीसी वर्ग के विद्यार्थी ही आवेदन कर सकते हैं, जिनकी पारिवारिक आय आठ लाख रूपये वार्षिक से कम है। साथ ही किसी भी वर्ग से संबंधित 25 अभ्यर्थियों को शुल्क के साथ दाखिले का अवसर उपलब्ध हैं। भारत सरकार इस योजना में अभ्यर्थियों का चयन प्रवेश परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। चयनित हुए सभी अभ्यर्थियों को डा. आंबेडकर फाउंडेशन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चार हजार रूपये प्रति माह की दर से वजीफा भी दिया जाएगा।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 22-10-2024**

### डॉ. आंबेडकर सेंटर आफ एक्सीलेंस के अंतर्गत पंजीकरण 10 नवंबर तक

# हकेंवि में यूपीएससी व एचसीएस की निःशुल्क कोचिंग के लिए आवेदन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में अनुसूचित जाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) तथा एचसीएस की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए स्थापित डॉ. आंबेडकर सेंटर आफ एक्सीलेंस (डेस) के अंतर्गत आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक विद्यार्थी आगामी 10 नवंबर तक आनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने नए सत्र के लिए शुरू हुई पंजीकरण की प्रक्रिया के अंतर्गत आवेदन के इच्छुक विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। डेस के कोर्डिनेटर प्रो. अंतरेश कुमार ने बताया कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा प्रद्धत यह केंद्र पिछले दो वर्षों में आईएएस, आईपीएस, एचसीएस सहित अन्य सराकारी नौकरियों के लिए लगभग 50 अभ्यर्थियों को कोचिंग के माध्यम से सफलता प्रदान करा चुका है। उन्होंने बताया कि इस कोचिंग के लिए केवल एससी ओबीसी वर्ग के विद्यार्थी ही आवेदन कर सकते हैं, जिनकी पारिवारिक आय 8 लाख रूपये वार्षिक से कम है। साथ ही किसी भी वर्ग से संबंधित 25 अभ्यर्थियों को सशुल्क दाखिले का अवसर उपलब्ध है। आनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 नवंबर है। भारत सरकार इस योजना में अभ्यर्थियों का चयन प्रवेश परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। चयनित हुए सभी अभ्यर्थियों को डॉ. आंबेडकर फाउंडेशन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चार हजार श्रपये प्रति माह की दर से वजीफा भी दिया जाएगा।



महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का भवन। फोटो: हरिभूमि


## हकेंवि में संरचनात्मक डिजाइन एवं विश्लेषण पर केंद्रित प्रशिक्षण आयोजित

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए संरचनात्मक डिजाइन और विश्लेषण पर केंद्रित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के एमटेक और बीटेक के विद्यार्थियों को एसटीएएडी प्रो व एएनएसवाईएस का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य संरचनात्मक डिजाइन और विश्लेषण में विद्यार्थियों की दक्षता को बढ़ाना था, जिसमें भूकंप-प्रवण क्षेत्रों में संरचनात्मक स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया गया। विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. टंकेश्वर कुमार ने मेक इन इंडिया पहल के अंतर्गत ऐसे कार्यक्रमों के महत्त्व पर जोर दिया। कुलपति ने कहा कि यह पहल एक कुशल और सक्षम कार्यबल के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं। आयोजन में एनआईटी, कुक्षेत्र के स्वर्ण पदक विजेता व सीसीईटी, चंडीगढ़ में कार्यरत इंजीनियर अनिल धीमान विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन में विशेषज्ञ इंजीनियर अनिल धीमान ने भूकंपीय क्षेत्रों के संबंध में आधुनिक संरचनात्मक डिजाइन तकनीकों और सुरक्षा प्रोटोकॉल पर विस्तार से प्रतिभागियों को अवगत कराया। हकेंवि के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. विकास गर्ग ने सैद्धांतिक शिक्षा और व्यावहारिक अनुप्रयोग के बीच की खाई को पाटने के लिए नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रम के आयोजन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों को पेशेवर दुनिया में सफलता के लिए आवश्यक उपकरण और ज्ञान उपलब्ध कराना है। कार्यशाला का समन्वय डॉ. अभिषेक जिंदल, इंजीनियर दीपक और डॉ. विकास कुमार ने किया। कार्यशाला के आयोजन में आयोजन टीम के सदस्यों में डॉ. रणबीर, डॉ. नीरज और इंजीनियर सनी ने सक्रिय भागीदारी की।

# Applications for free coaching of UPSC and HCS starts at CUH


**Deepti**
info@impressivetimes.com


**MAHENDRAGARH :** The process of online application has started under Dr. Ambedkar Center of Excellence (DACE), established in Central University of Haryana (CUH), Mahendragarh to prepare students of Scheduled Caste and Other Backward Classes for the competitive examinations of Union Public Service Commission (UPSC) and HCS. Interested students can apply through online mode till 10th November. Prof. Tankeshwar Kumar, Vice Chancellor of the University wished the students who are willing to apply under the registration process started for the new session, for their bright future. Prof. Antaresh Kumar, DACE Coordinator said that this center provided by the Ministry of Social Justice and Empowerment has provided success to about 50 candidates for IAS, IPS, HCS and other government jobs through coaching in the last two years. He said that only SC/OBC students can apply for this coaching, whose family income is less than Rs. 8 lakh per annum. Also, paid admission opportunity is available to 25 candidates from any category. The last date for online registration is November 10, 2024. In this scheme of Government of India, candidates will be selected on the basis of entrance examination. All the selected candidates will also be given a stipend of four thousand rupees per month by Dr. Ambedkar Foundation, Ministry of Social Justice and Empowerment, Government of India.



> **ALL THE SELECTED CANDIDATES WILL ALSO BE GIVEN A STIPEND OF FOUR THOUSAND RUPEES PER MONTH BY DR. AMBEDKAR FOUNDATION, MINISTRY OF SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT, GOVERNMENT OF INDIA.**